>

Title: Need to provide adequate compensation to people affected by floods in Sheohar, Sitamarhi and East Champaran districts in Bihar-laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): उत्तर बिहार में प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ की समस्या एवं उसकी विभीषिका से सभी भली भांति परिचित है । बिहार देश का सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्य है जहाँ का एक बड़ा हिस्सा हर साल बाढ़ की पानी में डूबता है । बाढ़ नियंत्रण के कारगर उपाय नहीं होने से इस आपदा से बिहार में हर साल लाखों लोग बेघर हो जाते है, फसलें तबाह हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग मारे जाते है । इस बार भी मानसून की शुरुआत में ही मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले सहित उत्तर बिहार में बाढ़ ने विकराल रूप धारण कर लिया है । मेरे क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त तीनों जिले के अधिकांश कृषि युक्त भूमि, खेत खलिहान एवं मकान जलमग्न हो चुके है, दर्जनों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है । लोग खानाबदोश का जीवन जीने के लिए विवश है परन्तु,स्थानीय प्रशासन द्वारा कई प्रखंडों को बाढ़ प्रभावित घोषित नहीं किया गया है । जिससे वहां के किसानो एवं आम लोगों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले राहत कार्यों से वंचित होना पड़ रहा है ।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध होगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले में आयी बाढ़ रूपी आपदा एवं इससे हो रहे नुकसान का आकलन कराते हुये लोगो को उचित राहत/मुआवजा उपलब्ध कराया जाये ।